पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 15 ◆ रायपुर 05 फरवरी 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### वादा- पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा करेंगे

# भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है, जिसे अटल विश्वास पत्र का नाम दिया गया है. भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में घोषणा पत्र जारी किया गया. इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी सहित घोषणा पत्र समिति के सदस्य मौजूद रहे.




### नगर विकास के क्षेत्र में

नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे और सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे।

रुकी हुई पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा करेंगे और वर्तमान में स्वीकृत 3 लाख PMAY-U घरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। जो लोग बिजली बिल और समेकित कर चुकाते हैं उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी। अवैध कॉलोनियों के लंबित आवेदनों का एक साल में निराकरण करेंगे।

### नगरीय सेवाओं में सुधार

सिकल सेल एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और सभी मरीज़ों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे।

नगर निगम की सेवाओं को डिजिटल और सरल बनाने के लिए 'माई सिटी ऐप' लॉन्च किया जाएगा, जिसमें सभी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध होंगी।

'सरकार तुंहर द्वार' योजना के तहत शासकीय सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करेंगे।

हर जोन में एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि नागरिकों को बार-बार नगर निगम कार्यालय न जाना पड़े।

निदान हेल्पलाइन के माध्यम से जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

संपत्ति कर समय पर चुकाने वाले नागरिकों को 10% की विशेष छूट और महिलाओं के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर 25% विशेष छूट दी जाएगी।

### जल आपूर्ति और स्वच्छता

*हम शुद्ध पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए 'नल से जल' योजना को सुदृढ़ करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार करेंगे। शहरी स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक घर में कचरा बाल्टी प्रदान की जाएगी और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग की जाएगी।*

## चुनावी रण में उतरेंगे सीएम साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगर निगम चुनाव के रण में उतरेंगे। इस दौरान सीएम साय 10 नगर निगमों में रोड शो करेंगे। इसका आगाज 5 फरवरी को कोरबा और रायगढ़ से होगा। इसके लिए 6 फरवरी को राजनांदगांव और चिरमिरी, 7 फरवरी को अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर में रोड शो करेंगे। साथ ही प्रचार प्रसार थमने के अंतिम दिन 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो करेंगे। भाजपा सभी 10 निगमों में फोकस कर रही है। इसके लिए पार्टी के प्रचार- प्रसार का जिम्मा मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ स्थानीय नेताओं को भी दी गई है।

### कार्यकर्ता सम्मलेन से शंखनाद

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए कुरूद में कार्यकर्ता सम्मलेन कर शंखनाद किया। इस दौरान कुरूद नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशी अपने- अपने वार्डों से रैली निकालकर पुरानी मंडी पहुंचे। जहां पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने सभा को संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ज्योति चंद्राकर सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों ने जनता का आशीर्वाद मांगा।

## भूषणिया परिवार में शोक



**भगवंत लाल जी का देवलोक गमन**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भूषणिया परिवार के उद्योगपति बंगलौर निवासी,किसान क्राफ्ट लिमिटेड के मालिक रविंद्र अग्रवाल एवं अमेरिका निवासी महेंद्र अग्रवाल, स्वर्गीय किरण, सरोज एवं मीनू के पिताजी,''क्रांतिरथ छत्तीसगढ़'' के संपादक नारायण भूषणिया के काकाजी, श्री प्रेम मित्तल रायपुर,श्री गोविन्द अग्रवाल कनाडा, श्री गुलाब रायका रायपुर के ससुर श्री भगवंत लाल अग्रवाल(भूषणिया)जी ( भाटापारा वाले) का दिनांक 24 जनवरी को बंगलौर में प्रात: देवलोक गमन हो गया।

उनका अंतिम संस्कार दिनांक 25 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे हेब्बल मुक्तिधाम बेंगलोर में किया गया।

उनकी स्मृति में रायपुर में 31 जनवरी को शोक मिलन कार्यक्रम श्री रामनाथ भीमसेन धर्मशाला समता कालोनी में रखा गया, जिसमें समाज के प्रमुख व्यक्तियों एवं उद्योगपतियों सहित पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरविंद नेताम ने भाग लिया।

शोक मिलन कार्यक्रम में रायपुर के अतिरिक्त चाम्पा,बिलासपुर, भाटापारा, तखतपुर ,रायगढ़, जगदलपुर, शिवरीनारायण, शक्ति, लोरमी, करगी रोड कोटा, बिल्हा, पत्थलगांव आदि से भारी संख्या में प्रेमी जन, रिश्तेदार, एवं प्रशासनिक अधिकारी आदि ने उपस्थित होकर अपनी पुष्पांजलि के साथ नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

पगड़ी का कार्यक्रम 5 फरवरी 2025, दिन बुधवार को दोपहर , कारले ज़ेनिथ, हेब्बाल बंगलौर के कम्युनिटी हॉल में हुआ।

# छत्तीसगढ़ को रेल बजट में 6925 करोड़ मिले

### ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, रेल लाइन के दोहरीकरण में होंगे खर्च; OP चौधरी बोले-बढ़ेगी कनेक्टिविटी

**रायपुर। भारत सरकार के रेल बजट में छत्तीसगढ़ को इस बार 6925 करोड़ रुपए मिले हैं। देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक बताया है।**

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आभार जताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास होगा, कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। रेल बजट में अलॉट की गई है राशि छत्तीसगढ़ में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, रेल लाइन को दोहरा करने, अलग-अलग जगह पर पुल बनाने में खर्च होगी।




### रेल मंत्रालय की ओर से जारी किए गए फैक्ट

- पिछले 11 सालों में 1,125 किमी नई पटरियों का निर्माण।
- छत्तीसगढ़ का 100% रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत, पिछले 11 सालों में 350 किमी विद्युतीकरण।
- वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट में 26 परियोजनाओं में 2,768 किमी नई रेल पटरियां, कुल लागत 38,378 करोड़।
- हाल ही में मंजूर की गई सरडेगा-भालुमुड़ा नई डबल लाइन (37 किमी, 1,360 करोड़ की लागत)।
- 32 अमृत स्टेशन- 1,672 करोड़ की लागत से 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।
- कवच सुरक्षा प्रणाली भी लागू की जा रही है। प्रदेश के 1,105 रूट किलोमीटर में कवच कार्य स्वीकृत, 365 रूट किलोमीटर में काम चल रहा है।
- रायपुर स्टेशन में 463 करोड़ से बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है।
- दुर्ग स्टेशन में 456 करोड़ से पुराने स्ट्रक्चर को हटाने और कंस्ट्रक्शन के काम हो रहे हैं।
- बिलासपुर स्टेशन में 435 करोड़ से मुख्य भवन की बैरिकेडिंग पूरी, यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम हो रहा है।

### यात्री सुविधाओं में सुधार (पिछले 11 सालों में)

- 148 रेल पुल और अंडरब्रिज बनाए गए।
- 119 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा।
- 20 लिफ्ट और 8 एस्केलेटर स्थापित।
- 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 5 जिलों को जोड़ने वाली।

# भाटापारा चुनाव का बिगुल बजा 11 फरवरी को मतदान व 15 को रिजल्ट

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा नगर पालिका का चुनावी बिगुल बज गया है चुनाव आयोग द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना व चुनावी कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका चुनाव के लिये निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन की प्राप्ति का कार्य 22 जनवरी दिन बुधवार से प्रारंभ हो जायेगा जिसके तहत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं दाखिल करने का कार्य प्रारंभ हो सकेगा इस दौरान भाटापारा पालिकाध्यक्ष पद के लिये जहां नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे वहीं 31 वार्डो के लिये वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार भी अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू कर सकेंगे वहीं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 28 जनवरी दिन मंगलवार है नाम निर्देशन पत्रो की जांच का कार्य 29 जनवरी दिन बुधवार को होगा वहीं प्रत्याशी अपना नाम वापस 31 जनवरी शुक्रवार तक ले सकेंगे। वार्ड पार्षद चुनाव एवं पालिकाध्यक्ष पद के लिये मतदाता अपने मतदान का प्रयोग




11 फरवरी दिन मंगलवार को करेंगे वहीं चुनावी परिणाम 15 फरवरी दिन शनिवार को घोषित होगा जिसमे विजयी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला चुनावी नतीजे के रूप मे सुनाया जायेगा। इसी तरह त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिये भी अधिसूचना जारी कर दी गई है जिसके तहत प्रथम चरण 27 जनवरी को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन की प्राप्ति का क्रम शुरू होगा वहीं द्वितीय चरण का त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे नाम निर्देशन प्राप्ति का सिलसिला 27 जनवरी को हीं प्रारंभ हो जायेगा इसी प्रकार तृतीय चरण के चुनाव के प्रक्रिया इसी तिथि को शुरू हो सकेगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख प्रथम चरण मे 3 फरवरी वहीं द्वितीय व तृतीय चरण का भी नाम निर्देशन अंतिम रूप से 3 फरवरी को हीं दाखिल किया जा सकेगा। नाम निर्देशन पत्रो की संविक्षा व जांच 4 फरवरी को होगा वहीं अभ्यर्थी अपना नाम वापस 6 फरवरी तक ले सकेंगे। मतदान त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिये प्रथम चरण मे जहां 17 फरवरी को होगा वहीं द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी को निर्धारित किया गया है तथा तीसरे चरण का मदान 23 फरवरी को संपन्न होगा। मतदान केन्द्र पर मतगणना प्रथम चरण का 17 फरवरी को द्वितीय चरण का 20 फरवरी को व तृतीय चरण के मतदान की मतगणना 23 फरवरी को संबंधित मतदान केन्द्र स्थल पर हीं संपन्न होगा। खंण्ड मुख्यालय पर चुनाव नतीजे क्रमश: 18 फरवरी 21 फरवरी व 24 फरवरी को होंगे।

# भाटापारा मंडी में विष्णुभोग धान के भाव में काफी उछाल आया

## 5000 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, किसान हुये गदगद

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी भाटापारा के प्रांगण मे विभिन्न जिलो के दूरस्थ गांव से धान व उन्हारी उपज की संतोषजनक आवक का क्रम बुधवार को भी जारी रहा। मंडी प्रांगण मे आने वाले कृषि जींस धान मे विष्णुभोग धान सर्वोच्च 5000 रूपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिका वहीं विष्णुभेग धान 4080 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, श्रीराम धान 2900 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका एचएमटी 2781 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया, महामाया नया धान मंडी प्रांगण मे संतोषजनक भाव 2881 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका, मोटा मिक्स धान 2335 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, सरना धान 2230 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका मंडी प्रांगण मे गेहूं की भी पर्याप्त आवक हुई और वह 2651 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, तिवरा 5080 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका, बटरी 5007 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर किसानो ने बेचा इसी प्रकार मंडी प्रांगण मे अन्य उन्हारी जींसो की भी संतोषजनक आवक हुई।

मंडी प्रांगण मे भाटापारा के आस पास के किसानो के अलावा दूर दराज के जिले मुंगेली, बेमेतरा, गौरेला पेन्ड्रा मरवाडी, चांपा जांजगीर, सारंगढ बिलाईगढ, कवर्धा, महासमुंद, बिलासपुर व रायपुर सहित कुछ अन्य जिलो के दूरस्थ गांव के किसानो ने भाटापारा मंडी मे धान व उन्हारी के अच्छे भाव मिलने के कारण यहां पर अपना कृषि उपज जींस बेचना मुनासिब समझा कुल मिलाकर प्रदेश मे विभिन्न सहकारी समितियों मे धान खरीदी जारी रहने के बावजूद भाटापारा मंडी मे धान का अच्छा भाव मिल रहा है खासकर महामाया नया धान के भाव मे काफी उछाल आ जाने के कारण लोग दूर दूर से महामाया नया धान बेचने भाटापारा मंडी पहुंच रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

# कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट में पर्यावरण पर संगोष्ठी संपन्न




**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट देवरी मे नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ मे पर्यावरण शिक्षा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ.अमित तिवारी, सीनियर रिसर्च फेलोशिप एमपी इंस्टीटयूट आफ सोशल सांइस रिसर्च तथा प्रोफेसर शैलेन्द्र पटेल, कुल सचिव पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर के अलावा मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ.आर प्रसाद प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग रायपुर विश्वविद्यालय उपस्थित थे। उक्त संगोष्ठी मे प्रोफेसर आशीष दुबे, डॉ.कमलेश शुक्ला, डॉ.अब्दुल सत्तार, डॉ.सुनीता त्यागी, डॉ.भूपेन्द्र साहू, डॉ.नवनीत द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के माध्यम से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक योगदान भारतीय शिक्षा पद्धति मे पर्यावरण शिक्षा की विरासत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये गोष्ठी के आयोजन को सार्थक साबित किया। संगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण प्रदुषण एवं संरक्षण हेतु शिक्षा के माध्यम से जागरूक करना है। उक्त संगोष्ठी मे संचालक मनीष शुक्ला, अंजलि शुक्ला, प्राचार्या वंदना चैहान व वंदना कश्यप के अलावा तमाम प्राध्यापक व स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

# नारायण साहू हुये भाजपा में शामिल

**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा व रीति नीति से प्रभावित होकर तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे प्रदेश मे हो रहे डबल इंजन सरकार की बेहतरीन कार्य के चलते एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की कार्यक्षमता के कायल होकर पूर्व सैनिक नारायण साहू ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। एक कार्यक्रम के दौरान नारायण साहू ने शिवरतन शर्मा के हाथो भाजपा का गमछा पहनकर पार्टी प्रवेश किया उक्त अवसर पर साहू ने कहा कि वे भाजपा की कार्यशैली एवं शिवरतन शर्मा के द्वारा क्षेत्र मे किये जा रहे विकास कार्य से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश कर रहे है। उक्त मौके पर सुनील यदू, सुनीता वर्मा, लुकु साव, विजय पांडे व मनेन्द्र सिंग गुम्बर सहित अन्य नेता मौजूद थे।



# प्रकाश मोदी हुये राज्यपाल के हाथों सम्मानित



**भाटापारा।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी को कर्नाटक राज्य के वरूर क्षेत्र मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शाल श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर कुंथु सागर, गणधर नंदी महाराज, अनेकांत सागर, आचार्य देवनंदी सहित हजारो भक्त मौजूद थे। प्रकाश मोदी के कर्नाटक मे सम्मानित होने पर नरेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, विनोद जैन, सुशील जैन, सुशील जैन, राजेश जैन, प्रमोद जैन, वीरकुमार, मनोज जैन, राजेश जैन, राकेश छाबड़ा, गौरव गदिया व मनीष जैन सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषत: कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है। राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है। यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया।

> राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है।

ललित गर्ग

# लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी



**भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को मिलेगा।**

सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरुखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा।



वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे से होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी।

> केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है।

- उमेश चतुर्वेदी

# क्षेत्र में सड़कों की हालत जर्जर स्थिति में लोग हो रहे है परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे विभिन्न सड़को की हालत जर्जर अवस्था मे होने से लोगों को आवाजाही मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जगह जगह गडढे हो जाने से दुपहिया व चैपहिया वाहन चालको को परेशानी से जूझना पड़ रहा है ।



जबकि मंडी प्रशासन द्वारा अभी कुछ वर्ष पूर्व हीं उक्त सड़क का निर्माण कराया गया था इसी प्रकार इसी तरह भाटापारा शहर से सेमरिया घाट नारायणपुर चंदखुरी तक की सड़क जगह जगह टूट गई है जिससे लोगों को आवाजाहीं मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण क्षेत्र मे ग्राम तरेंगा से शिवनाथ नदी टोहडी घाट पहुंच मार्ग एक लंबे समय से जर्जर हालत मे है इसी प्रकार अंबेडकर चैक से ग्राम टेंहका पहुंच मार्ग तथा ग्राम टेंहका से दतरेंगी तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर स्थिति मे पहुंच गई है भाटापारा से सुहेला 14 किलोमीटर मार्ग एक लंबे समय से अपनी निर्माण की प्रतीक्षा मे है इसी तरह ग्राम टिकुलिया से दावनबोड़ की ओर जाने वाली सड़क तथा पेन्ड्री से दावनबोड़ होकर जाने वाली सड़क जर्जर हालत मे है ग्राम डिग्गी से फ रहदा टेकारी तक पहुंच मार्ग भी जर्जर हालत मे है भाटापारा से सुरखी धुर्राबांधा तक सड़क जगह जगह टूट जाने से लोगों को आवागमन मे तकलीफ ो से जूझना पड रहा है इस प्रकार बरसात के बाद से शहर व ग्रामीण इलाके की अनेक सड़को पर जगह जगह बडे बडे गडढे हो जाने से सड़को की हालत जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है। इसी तरह दो शहरो को जोड़ने वाली 24 किलोमीटर लंबी महत्वपूर्ण सड़क भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग पर रोजाना हजारो वाहन आवाजाहीं कर रहे है वह इन दिनो जगह जगह जर्जर हालत मे पहुंच गया है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उक्त सड़क का उन्नयन कर उसे चैडीकरण व मजबूत करने की घोषणा की थी लेकिन वह घोषणा भी झूठी घोषणा साबित हुई है इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव की सड़क भी जर्जर हालत मे है जिसे मरम्मत व नवीनीकरण किये जाने की जरूरत है।

# रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग बंद रहेगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भाटापारा क्षेत्र मे नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिये जारी अधिसूचना के साथ हीं क्षेत्र मे तथा शहरी क्षेत्र मे आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश जारी किया है इसी परिपेक्ष्य मे कलेक्टर दीपक सोनी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र मे रात्रि 10 बजे से प्रातरू 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रो के प्रयोग करने अथवा प्रयोग करवाये जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिये वाहनो पर एवं चुनावी सभाओं मे प्रातरू 6 बजे से रात 10



बजे तक की अवधि मे किया जा सकेगा उक्त समय मे ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र हीं प्रयोग मे लाये जायेंगे जो मध्यम आवाज के साथ साथ साधरण किस्म के होंगे लोगों की शांति पूर्ण व्यवस्था को ध्यान मे रखते हुये प्रशासन ने लंबे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है। वाहन एवं चुनावी सभा के दौरान एक से अधिक लाउडस्पीकर व ध्वनि प्रसार यंत्र समूह मे लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया गया है चुनाव प्रचार के दौरान तथा वाहनो मे ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के पहले विस्तृत विवरण के साथ जानकारी देते हुये अनुविभागीय दंण्डाधिकारी से लिखित मे अनुमति प्राप्त करना जरूरी किया गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रो मे भी प्रातरू 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि प्रसार यंत्रो का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त करके किया जा सकेगा प्रशासन का यह भी स्पष्ट निर्देश है कि शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालयो, नर्सिंग होम, कोर्ट परिसर, शासकीय कार्यालय व विभिन्न छात्रावास नगर पालिका कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, बैंक, डाकघर, दूर संचार विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय से 200 मीटर दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग सामान्य स्थिति मे पूर्णतयारू प्रतिबंधित रहेगा उक्त आदेश संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक प्रभावशील होगा।

# स्वच्छता दीदीयों के मानदेय में 800 रूपये की वृद्धि

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश मे चुनावी आचार संहिता लागू होने के पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पालिका क्षेत्र मे विभिन्न स्थानो व वार्डो मे कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के लिये तोहफ ा घोषित करते हुये उनके वर्तमान मानदेय मे 800 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि कर दी है शासन के इस निर्णय के बाद स्वच्छता दीदीयों को अब प्रतिमाह 7200 रूपये के स्थान पर



पूरे 8000 रूपये का मानदेय प्राप्त होगा। विष्णुदेव साय की मानदेय मे 800 रूपये की वृद्धि की सौगात की खबर मिलते हीं स्वच्छता दीदीयों ने शासन के उक्त निर्णय को उनके हित मे बताते हुये प्रसन्नता प्रकट की है। शहरी क्षेत्र मे स्वच्छता व लोगों के स्वास्थ्य सेवा का ख्याल करते हुये स्वच्छता दीदीयो के एक लंबे समय से चली आ रहीं वेतन वृद्धि की मांग पर कुछ हद तक शासन ने मानदेय वृद्धि कर मरहम लगाने का प्रयास किया है। भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र मे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बडी संख्या मे स्वच्छता दीदी कार्यरत है उनके मानदेय मे 800 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि किये जाने से बढती हुई महंगाई की इस दौर मे उन्हे राहत मिलेगा।

# इन्द्र साव ने जेसीस स्कूल को 5 लाख रूपये देने की घोषणा की

भाटापारा। स्थानीय महावीर धर्मशाला प्रांगण मे संचालित जेसीस कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल मे वार्षिक स्नेह सम्मेलन विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति मे मनाया गया। इस अवसर पर साव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ उनके पसंद के खेल कूद की ओर भी ध्यान देना चाहिये जिससे की बच्चो का शारीरिक एवं मानसिक



विकास पूर्ण रूप से हो सके। स्कूल संचालको की मांग पर इन्द्र साव ने जेसीस स्कूल के विकास के लिये 5 लाख रूपये देने की घोषणा सार्वजनिक रूप से की। उक्त अवसर पर स्कूल के चेयरमेन सतीश अग्रवाल, ममता गुप्ता, पलक गुप्ता, वर्षा शर्मा, मिताली सचदेव, शीलत दास, राघव राव, शंकर आखर, रमेश गुप्ता, मोहन केशरवानी, शिवनारायण गुप्ता व शैली भाटिया सहित बडी संख्या मे पालकगण उपस्थित थे।

# सुशीला वर्मा ने वाद्ययंत्र प्रदान किया स्कूल को

भाटापारा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सूरजपुरा के प्रधान पाठक सुशीला वर्मा के द्वारा अपने जन्म उत्सव पर स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को निरू शुल्क कंपास बाक्स, पेसिंल एवं चाकलेट वितरण कर खुशियां मनाई गई। उनके द्वारा स्कूल को वाद्ययंत्र भी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं पालको तथा शाला परिवार के लोगों ने सुशीला वर्मा के दीर्घायु एवं स्वस्थ्य होने की मंगल कामना प्रकट की।

# लाल बहादूर शास्त्री व शहीद वीर नारायण सिंह स्कूल मे वार्षिकोत्सव संपन्न

भाटापारा। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पटपर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला व शहीद वीर नारायण सिंह स्कूल मे वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे बीईओ रामजी पाल, एबीईओ भाष्कर चंद देवांगन, मुन्ना लाल नेताम, शैलेन्द्र नामदेव, दुर्गेश शर्मा, मुकेश



देवांगन सहित अन्य अतिथि लोग शामिल हुये। स्कूली बच्चों द्वारा लोक कला एवं संस्कृति से जुडे विभिन्न विधाओं नृत्य प्रहसन एवं अभिनय का मंचन किया गया। उक्त अवसर पर शत्रुहन डहरिया, कैलाश बलानी, डॉक्टर पूजा भृगु, शोभाराम फूटान, जानकी फुटान, कमलनारायण यदु, प्रेमा मसीह, राजेश ईदवानी, प्रमोद वर्मा, राजकुमारी साहू, वीरेंद्र मानसरोवर, बंशीलाल चैहान, सविता सोनकर, शत्रुघन कुर्रे, ऋतु प्रिया निहाला, जास्मिन राजसिंह, तेजराम वर्मा, ममता चैहान सहित अन्य लोगों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# पशुओं का बीच सड़क पर जमावड़ा होने से लोग परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के प्रमुख चैक चैराहो व मुख्य मार्ग पर मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से यातायात बाधित हो रहा है वहीं सड़को पर फै ल रहीं गंदगी से लोग हलाकान है। विश्रामगृह से लेकर पालिका भवन होते हुये तरेंगा नाका पहुंच मार्ग तथा सिटी सेंटर मॉल से लेकर कांग्रेस भवन होते हुये सदर बाजार गोविंद चैक तक की मुख्य सड़क पर सैकड़ो की संख्या मे पांव पसारे मवेशियों जिसमे कि गाय, बैल, भैंस व सांड होते है वे बडी तादाद मे सड़क के बीचो बीच बैठकर यातायात को निरंतर बाधित कर रहे है अनेक बार तो इन पशुओं के कारण दुपहिया एवं चार पहिया सवार दुर्घटना के लगातार शिकार हो रहे है। इसी प्रकार के हालात कृषि उपज मंडी मार्ग तथा बस स्टैड से ओव्हर ब्रिज होकर तहसील चैक तक जाने वाली सड़क पर भी बडी संख्या मे भैंस व भैंसा के झुंड के स्वच्छंद विचरण से लगातार यातायात बाधित हो रहा है और तो और हजारो की संख्या मे अलग अलग समय पर भाटापारा से सुरखी मार्ग, भाटापारा से सूरजपुरा मार्ग, भाटापारा से खोलवा मार्ग, भाटापारा से सुहेला मार्ग मे भैंस व भैंसो के निकलने से यातायात बाधित होना रोज की समस्या बन गई है भैंस व भैंसो का जमावड़ा भाटापारा टेंहका मार्ग पर बने रेल्वे अंडरब्रिज के अंदर होने से आम नागरिको के लिये अंडरब्रिज से आना जाना मुश्किल भरा सफ र बन गया है क्योकि अंडरब्रिज के भीतर ही भैंस भैंसा आपस मे लड़ाई करते हुये नजर आते है जिसके चलते अनेक बार मोटरसायकल सवार चोटिल हो चुके है।

# अनेक लोग भाजपा में हुये शामिल

**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर तथा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के सक्रिय कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुये लगातार अनेक लोग भाजपा की विचार धारा से सहमत होकर स्वेच्छा से भाजपा पार्टी मे प्रवेश कर रहे है कांग्रेस लीडर राधेश्याम शर्मा के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त क्रीडा शिक्षक बाबूलाल साव व नंदू साहू ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया उपरोक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा, राकेश तिवारी व अश्वनी शर्मा सहित बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# गणतंत्र पर्व पर शहर व ग्रामीण थाना के पुलिस कर्मी हुये सम्मानित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** राष्ट्र के 76 वां गणतंत्र पर्व पर जिला मुख्यालय मे विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये झँडोत्तोलन के साथ हीं विभिन्न उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि व सांसद श्रीमती रूपकुमारी चैधरी एवं जिलाधीश दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के हाथो सम्मान प्राप्त हुआ। इसी कडी मे ग्रामीण थाना के पुलिस कर्मी निरीक्षक व थाना प्रभारी लकेश केंवट को लगभग 100 बालिग एवं नाबालिग बालिकाओं को तलाश कर सुरक्षित परिजनो तक पहुंचाने के लिये सम्मानित किया गया एवं आरक्षक हरीशंकर गेण्डरे को कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करने के लिये सम्मानित किया गया वहीं आरक्षक प्रवीण पांडेय को ईमानदारी के साथ अनुशासित कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया एवं शहर थाना के निरीक्षक परिवेश तिवारी को आरोपियो की पतासाजी एवं अपराध के नियंत्रण के लिये सम्मानित किया गया, सहायक उप निरीक्षक कुलमणी बारिक को बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध नियंत्रण के लिये गणतंत्र पर्व के मंच से सम्मानित किया गया। मित्रगणों एंव समाज सेवियो ने पुलिस कर्मियों को बधाई प्रेषित की है। इस संदर्भ मे ग्रामीण थाना प्रभारी लकेश केंवट ने नवभारत से चर्चा मे बताया कि जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल का सतत मार्गदर्शन हम पुलिस कर्मियों को प्रेरणा प्रदान करती है उनकी बेहतर सोंच और बेहतर पुलिसिंग के लिये दिये मार्गदर्शन के कारण कानून व्यवस्था बनाये रखने मे पुलिस कर्मी सफ ल हो पाते है।

# सड़कों पर बिल्डिंग मटेरियल्स बिखेरने से लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार



**भाटापारा।** शहर के प्रमुख सड़को पर इन दिनो बिल्डिंग रॉ मटेरियल बिखेरे जाने से लोगों को आवागमन मे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है बिल्डिंग मटेरियल से फिसलकर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। नगर के प्रमुख मार्ग गोविंद चैक से रामसत्ताह चैक होते हुये फ व्वारा चैक तक तथा विश्रामगृह से लेकर तरेंगा नाका तक के प्रमुख सड़क के दोनो छोर पर बिल्डिंग मटेरियल जिसमे रेत, गिट्टी, इंट, छड़, सीमेंट, बोल्डर, पत्थर, मुरूम सहित अन्य सामान रखे जाने से यातायात जहां बूरी तरह बाधित हो रहा है वहीं सड़क के मध्य मे बिल्डिंग मटेरियल के तमाम समान बिखरे पड़े रहने के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है खासकर बडी तादाद मे ट्रको ट्रक व अनेक डंपर से खाली किये गये रेती के ढेर से दुपहिया वाहन चालक व सायकल चालक सहित अन्य वाहन चालक परेशान है और इस बिखरे पडे रेती मे फिसलकर दुर्घटना के शिकार हो रहे है प्रमुख मार्गो के अलावा नगर के समस्त 31 वार्डो मे भी विभिन्न गली मोहल्ले की सड़को मे बिल्डिंग मटेरियल्स के सामान के अलावा पुराने डिस्मेंटल किये हुये मटेरियल्स जिसमें इंट मलबा, खपरा, बांस तथा अन्य सामान सड़क पर रखे जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो रहा है शहर मे इस प्रकार के बढती प्रवृत्ति से लोग परेशान है और तो और नगर मे बिना नगर पालिका के अनुज्ञा प्राप्त किये तथा बैगर नक्शा स्वीकृति के अवैध रूप से मकान दुकान काम्पलेक्स व अन्य निर्माण कार्य सैकडो की तादाद मे हो रहे है।

# शिक्षा से ही बेहतर जीवन का निर्माण संभव - इन्द्र साव

**भाटापारा।** डीएवी स्कूल टिकुलिया में 76 वे गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे विधायक इंद्र कुमार साव, मुख्य स्टेशन मास्टर अजय कुमार, डी.डब्लु.पीएस प्रिंसिपल योगेंद्र पोपट, मॉर्डन इंग्लिश स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती प्रीति ताम्हणे, संकल्प रक्तदाता समूह के संस्थापक पीलू वर्मा, निहाल साहू, कमलेश वर्मा, विनोद यादव व प्रेम नेताम रहे। भारत माता की जय घोष के साथ ध्वजा रोहण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राष्टीय पर्व पर डीएवी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें कक्षा एलकेजी के विद्यार्थियों द्वारा पेड़ों के महत्व, कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण, कक्षा पहली के छात्रों के द्वारा वन में वन्य जीवों की रक्षा, कक्षा दूसरी के छात्रों के द्वारा से प्लास्टिक के प्रयोग को काम करना वह उनसे होने वाली हानिकारक परिणामों, कक्षा तीसरी के छात्रों के द्वारा डिजिटल इंडिया, कक्षा चैथी के छात्रों के द्वारा आदिवासी जीवन, कक्षा पांचवी के छात्रों के द्वारा साइंस एंड टेक्नोलॉजी ,चंद्रयान, मंगलयान को बनाने में इसरो का सफर, कक्षा छठवीं के छात्रों के द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती और डीएवी विद्यार्थियों की उपलब्धियां आदि प्रस्तुत किया गया। विधायक इंद्र कुमार साव ने कहा कि डीएवी स्कूल आधुनिक शिक्षा और वैदिक शिक्षा के संगम से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। मैं कई स्कूलों में गया हूं यहां के विद्यार्थियों के अनुशासन और संस्कार अत्यंत प्रशंसनीय है।



# मार्डन इंग्लिश स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**भाटापारा।** मॉर्डन इंग्लिश स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को पिरोते हुए पूर्ण भारतवर्ष की झांकी को नृत्य शैलियों के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की पोशाकों को धारण कर सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया।




# भाटापारा पालिकाध्यक्ष चुनाव में दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश मे नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही भाटापारा पालिका जो प्रदेश की सबसे बडी व पुरानी नगर पालिका है वहां पर राजनीतिक गहमा गहमी का माहौल पूरी तरह गरमा गया है। कांग्रेस ने पालिकाध्यक्ष की कुर्सी के लिये अपनी ओर से प्रदेश कांग्रेस सचिव व पूर्व श्रम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल को चुनाव मैदान मे उतारा है तो वहीं भाजपा ने तुरूप का इक्का फें कते हुये पूर्व जिला पंचायत सभापति तथा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो अश्वनी शर्मा को अधिकृत प्रत्याशी बनाकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है दोनो पार्टियों के द्वारा कददावर व युवा नेता को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद भाटापारा पालिका चुनाव का रणक्षेत्र काफ ी



उत्सुकता पूर्ण चुनाव का संदेश देने लगा है लोग अनुमान अटकल व शहर मे शर्त व बाजी लगाकर अपने अपने प्रत्याशी के जीत का अभी से आकलन कर रहे है इधर पालिका क्षेत्र मे लगभग कुल 51681 मतदाता नई मतदाता सूची के अनुसार उभरकर सामने आये है जिसमे महिला मतदाता पुरूषों की तुलना मे अधिक है शहर मे एक ओर जहां पुरूष मतदाता संख्या 25053 है वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 26617 है थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या लगभग 11 है। शहर क्षेत्र मे इस बार दोनो प्रत्याशी अभी से पसीना बहा रहे है और लगातार विभिन्न वार्डो मे जनसंपर्क कर रहे है। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अश्वनी शर्मा विभिन्न स्थानो पर महिला कर्मचारियों सफ ाई कर्मचारियों की बैठक लेकर अपने लिये वोट व समर्थन मांग रहे है। नामांकन रैली मे भाजपा व कांग्रेस दोनो दलो के अधिकृत प्रत्याशी ने खुलकर ताकत का प्रदर्शन भीड के माध्यम से किया है और जैसे जैसे मतदान की तिथि नजदीक पहुंचेगा वैसे वैसे हल्की ठंड के बीच राजनीतिक वातावरण का तापमान गरम होते जायेगा इस बीच शहर मे बढ रहे राजनीतिक तापमान को मददेनजर रखते हुये अभी से शहर मे शांतिपूर्ण चुनाव के लिये बडे पैमाने पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती जरूरी हो गया है इधर अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होने के कारण अब पार्षद पद मे उतना जोर लोग नहीं दे रहे है क्योकि पार्षदो के पावर जो कि अध्यक्ष चुनने का होता था वह अब खत्म हो गया है फ लस्वरूप पार्षद चुनाव लड रहे लोग उतने सीरियस अंदाज मे चुनाव नहीं लड रहे है अभी केवल वे भैया दादा चाय पानी पूछकर दुआ सलाम तक सीमित है। वहीं अनेक पार्षद पद के प्रत्याशी अकेले सुबह शाम लोगों के घरो मे पहुंचकर सीधे छोटे बडे मतदाताओ के चरण छूकर आर्शीवाद मांग रहे



है जिन पार्षद प्रत्याशियों को टिकट मिल गया है वे थोड़ा खुश है लेकिन जो टिकट से वंचित कर दिये गये है वे निराश होकर चुप बैठे है व समय की प्रतीक्षा मे लगे है बहरहाल भाटापारा का पालिका चुनाव दो दिग्गजो के मैदान मे लडाई होने की वजह से सर्वाधिक चर्चित चुनाव बन गया है।

## उप मुख्यमंत्री अरूण साव भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शमिल हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भाटापारा मे आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन मे हिस्सा लिया इस दौरान उन्होने भाजपा कार्यकर्ताओं को पूर्ण उर्जा के साथ नगरीय निकाय चुनाव मे जुट जाने का आव्हान किया साथ हीं भाजपा के सभी घोषित प्रत्याशियों को सहयोग व साथ देने की अपील की गई। उनके साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव एवं पूर्व विधायक देवजी पटेल साथ थे।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज भाटापारा मे रामलीला मैदान मे आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन मे हिस्सा लिया। उन्होने इस दौरान कहा कि केन्द्र सरकार मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता के हितो के लिये अनेको कार्य किये है उज्जवला योजना आयुष्मान योजना किसान सम्मान निधि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनायें जो जनता को लाभान्वित कर रहीं है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे एक साल के कार्यकाल मे अनेको विकास कार्य किये है आम जनता को महतारी वंदन का लाभ तीर्थ



योजना के तहत श्रीराम लला के दर्शन आज क्षेत्र के किसान खुशहाल है उन्हे 31 सौ रूपये समर्थन मूल्य मे सरकार ने शत प्रतिशत धान की खरीदी की है। युवाओ को आज रोजगार का अवसर मिल रहा है नगरीय निकाय चुनाव मे भाजपा के सभी प्रत्याशियो को जिताने कमर कसकर मेहनत करनी है भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा मे ज्यादातर विकास कार्य भाजपा के हीं कार्यकाल मे हुये है चाहे वह सिविल हास्पिटल का दर्जा हो रेस्ट हाउस से लेकर सीएसईबी तिराहा तक का गौरवपथ हो विधि महाविद्यालय को पॉलिटेक्नीक कालेज हो सभी कार्य भाजपा के कार्यकाल मे हुये है वर्तमान मे शहर के अंदर क्रिटिकल केयर हास्पिटल का निर्माण जारी है उक्त निर्माण के बाद शहर व क्षेत्र बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो जायेगा जनता का पूर्ण विश्वास के साथ सहयोग आवश्यक है।

## भाटापारा पालिका चुनाव के लिये अब रोमांचक मुकाबला

### अध्यक्ष पद के लिये 07 व पार्षद पद के लिये 83 उम्मीदवार मैदान में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका मे अध्यक्ष पद एवं 31 वार्ड पार्षदो के लिये अब अंतिम तस्वीर साफ होने तक मैदान मे अध्यक्ष पद के लिये सात उम्मीदवार रह गये है जिसमे से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अश्वनी शर्मा व कांग्रेस के सतीश अग्रवाल के अलावा पांच अन्य स्वतंत्र प्रत्याशी के नाम शामिल है। वहीं 31 वार्डो के लिये पार्षद पद हेतु दाखिल किये गये 114 उम्मीदवारो मे से 31 उम्मीदवारो ने अपने नाम वापस ले लिये उसके पश्चात अब केवल 83 प्रत्याशी मैदान मे है जिसमे से कांग्रेस के अधिकृत 31 प्रत्याशी तथा भाजपा के अधिकृत 31 वार्ड पार्षद प्रत्याशी है इस प्रकार वार्ड पार्षदो के लिये अब दोनो राष्ट्रीय दल के अलावा बहुजन समाज पार्टी के पार्षद पद के लिये 1 प्रत्याशी मैदान मे है वहीं एक अन्य पार्टी के प्रत्याशी भी है इन सबके अलावा 19 स्वतंत्र उम्मीदवार भी कुल 31 वार्डो मे से अनेक वार्डो मे अपना भाग्य आजमा




रहे है। पालिकाध्यक्ष के लिये मुख्य मुकाबला भाजपा के अश्वनी शर्मा एवं कांग्रेस के सतीश अग्रवाल के बीच होने की संभावना है। मौजूदा दौर मे भाटापारा पालिका क्षेत्र अंतर्गत कुल 51681 मतदाता नई मतदाता सूची के अनुसार उभरकर सामने आये है जिसमे महिला मतदाता पुरूषों की तुलना मे अधिक है शहर मे एक ओर जहां पुरूष मतदाता संख्या 25053 है वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 26617 है थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या लगभग 11 है। पालिकाध्यक्ष पद के लिये दोनो राष्ट्रीय दलो की ओर से प्रमुख चेहरे उतारे जाने से मुकाबला रोमांचक व दिलचस्प हो गया है व दोनो दल के प्रमुख प्रत्याशी अब तक तू डाल डाल मै पात पात की तर्ज पर चुनावी मैदान मे जनसंपर्क व प्रचार के जरिये चल रहे है। वहीं वार्ड पार्षदो के चुनाव मे जनसंपर्क के दौरान दोनो राष्ट्रीय दल के अधिकृत प्रत्याशी भी अध्यक्ष पद के दावेदारो द्वारा विभिन्न वार्डो मे जनसंपर्क के दौरान अपनी उपस्थित दर्ज करा रहे है व अध्यक्ष के साथ साथ अपने लिये भी आम मतदाताओं से वोट मांग रहे है समूचा शहर इन दिनो चुनावी रंग मे रंग चुका है व ढोल नगाडो व अन्य ध्वनि प्रसार यंत्र के सहारे गुंजायमान हो गया है। पालिका चुनाव मे एक ओर जहां राजनेता पूरी तरह राजनीतिक कसरत चुनावी मैदान मे कर रहे है वहीं शहरी क्षेत्र के मतदाता पूरी तरह खामोश है इसलिये कहा नहीं जा सकता पालिकाध्यक्ष पद पर उंट किस करवट बैठेगा बहरहाल आने वाले समय मे राजनीतिक समीकरण मे अनेक उतार चढाव देखने को मिलेगा अतरू अभी किसी भी नतीजे पर पहुंचना जल्दीबाजी भरा कदम होगा।

## दीपक बैज ने कांग्रेस प्रत्याशियों के लिये किया नुक्कड सभा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर पालिका चुनाव के लिये कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आज नपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल एवं कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष मे एक नुक्कड सभा किया। उन्होने कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। उन्होने कहा कि भाजपा नेताओं को हार का डर सता रहा है और वह जनता को भ्रमित करने मे लगे हुये है। भाजपा सरकार के पास जनता के लिये कोई ठोस काम नहीं है कांग्रेस के प्रत्याशी



को जनता का अर्शीवाद मिलता है तो कांग्रेस पांच वर्ष बेहतर विकास करके दिखायेगी कांग्रेस प्रत्याशी सतीश अग्रवाल ने कहा कि जनता आर्शीवाद दे कांग्रेस बेहतर कार्य करेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक इंन्द्र साव, नपा प्रत्याशी सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, अमित शर्मा, विनोद अग्रवाल, अशोक ध्रुव, अमर मंडावी, आलोक मिश्रा, धनंजय तिवारी, विमल शर्मा, अरूण यादव, अजीत बाजपाई, चंन्द्रशेखर चक्रधारी सहित कांग्रेस प्रत्याशी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शादी के बाद चरित्र पर शंका कर पति ने उतारा पत्नी को मौत के घाट

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** पहले प्यार फिर शादी और शादी के महज एक माह बाद पत्नी की हत्या..चरित्र शंका के कारण हुई हत्या के इस सनसनी खेज खुलासे में आरोपी पति को जेल की सलाखो में कैद कर दिया गया है,साथ जीने मरने की कसमें खाने वाला पति ने ही अपनी गर्भवती पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करता रहा, मगर पुलिस ने सबूतों के आधार पर पत्नी की हत्या करने वाले हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया है।दरअसल पूरा






मामला सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम जयपुर का है जहां रहने वाली अनीला सिंह का शव 29 जनवरी की सुबह घर के पास खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई थी, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दरिमा पुलिस मामले की जांच कर रही थी,जांच में पुलिस को पता चला कि,मृतिका अनिला का दिसंबर 2024 में सूरजपुर जिले के ग्राम सकलपुर निवासी अनिल से विवाह हुआ था, दोनों ने पहले मंदिर में शादी कर बकायादा कोर्ट में इकरार नामा भी बनवा रखा था।

बताया जा रहा है कि,दोनों का कई दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, इधर शादी के कुछ दिन बाद ही पति के द्वारा अपनी पत्नी पर चरित्र शंका का शक इतना बढ़ गया कि उसने पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी, आरोपी पति के द्वारा पत्नी पर चरित्र शंका करने के कारण पत्नी अपने मायके आ गई थी, 20 जनवरी की दरमियानी रात आरोपी पति ने पत्नी को फोन कर बाहर बुलाया था और घर के पास खेत में गला घोट कर उसकी हत्या कर मौके से फरार हो गया, इधर पुलिस ने ज़ब मृतिका के परिजनों से पूछताछ की तब पुलिस को पता चला कि पति का फोन आने के बाद से मृतिका घर से गायब थी, इसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई इधर पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का अपराध स्वीकार कर लिया है, हत्या की मुख्य वजह चरित्र शंका थी, जिसके कारण पति ने अपनी पत्नी की हत्या की थी इधर पुलिस ने सबूत के आधार पर आरोपी पति को संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# 50 वर्षीया महिला की मौत पेट में लगभग 12 किलो का गोला निकला

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक 50 वर्षीया महिला की मौत पेट में लगभग 12 किलो का गोला बनने की वजह से हुई है। इसका खुलासा तब हुआ जब महिला की मौत होने पर पुलिस ने मौत का कारण जानने पोस्टमार्टम कराया। रिपार्ट आते ही न सिर्फ पुलिस बल्कि चिकित्सक भी चौंक गए। महिला बाथरूम जाते समय गिरी थी। पोस्टमार्टम में यह खुलासा हुआ कि गिरने के चलते महिला के पेट में बना गोला के दबाव में आने से फेफड़ा फट गया और अंदरूनी



रक्त स्राव होने के कारण उसकी मौत हुई। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के फॉरेंसिक विभाग के एचओडी डॉ. संटु बाग का कहना है कि मृतिका के पेट से 11 किलो 800 ग्राम का गोला पाया गया और इतने बड़े आकार के गोला के चलते मौत का छत्तीसगढ़ में यह पहला मामला भी है। 50 वर्षीया एक महिला अंबिकापुर शहर के चोपडापारा निवासी प्रिया सिंह के किराए के मकान में निवास कर रही थी। उसके कमरे से मिले आधार कार्ड से पहचान पखरासिया तिग्गा पति रिस्तोर के रूप में की गई, मगर उसका वास्तविक निवास और परिवार के सदस्यों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अन्य किराएदारों के मुताबिक 26 दिसंबर 2024 की रात बाथरूम जाते समय वह गिर गई थी। आवाज सून अन्य किराएदार बाहर निकले तो महिला को मृत पाया था।

# अंबिकापुर में 11 फरवरी को मतदान को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने लोगों को किया जागरूक



**अंबिकापुर** – 11 फरवरी को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के पार्षद प्रत्याशियों के द्वारा वार्डों में घर घर जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, कोई अंबिकापुर के कई वार्डों में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों के साथ पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव वार्ड भ्रमणकर कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील करते नजर आए, जहां पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने निकाय चुनाव में बहुमत से जीत का दावा किया है, और ईवीएम मशीन में किस प्रकार मतदाता अपना मतदान करेंगे इसको लेकर एवं की एक फोटो प्रारूप लेकर लोगों को जानकारी देने की बात भी सिंह देव ने की है।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर** – त्रिस्तरीय पंचायत एवं निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन कार्य की समीक्षा के लिए अंबिकापुर पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियो के साथ बैठक की,बैठक के दौरान निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की, इधर मिडिया से चर्चा कर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया की इस बार Mw जनरेशन के EVM से नगरीय निकाय चुनाव कराया जायेगा,EVM से निकाय चुनाव कराने से निर्वाचन आयोग को सहूलियत होगी,साथ हि बताया की सभी राजनीतिक दलों को EVM की संपूर्ण जानकारी दी गई है,जिला स्तर पर EVM मशीन की



अलग-अलग चरण में चेकिंग होगी मशीन की कमिश्निंग होगी और मतदान के समय हर स्तर पर राजनीतिक दलों का इंवालमेंट किया जाएगा साथ ही निरपक्ष रूप से राज्य में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

# ACB की टीम ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को 27 हजार रुपये रिश्वत लेते हुऐ रंगे हाथ गिरफ्तार किया

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर** । सरगुजा जिले में एक बार फिर एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग में पदस्थ असिस्टेंट इंजीनियर को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है,आरोपी अस्सिटेंट इंजीनियर के द्वारा फ्लाई एश प्लांट के कनेक्शन के लिए प्रार्थी से 40 हजार रु की मांगी थी रिश्वत, जिसके बाद 27 हजार रु देना हुआ था तय,, जिसे एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है, दरअसल सरगुजा जिले के ग्राम केवरी निवासी प्रार्थी चंदन सिंह ने एसीबी कार्यालय पहुच कर शिकायत कर बताया था कि उसके द्वारा ग्राम केवरी में फ्लाई एस उद्योग लगाया जा रहा है जिसमे ट्रांसफार्मर विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता पर



आरोपी-अभियंता

सहायक अभियंता कार्यालय लखनपुर में आवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत भी विभाग के सहायक उप अभियंता सचिन भगत द्वारा प्रार्थी के कार्यों को पूरा नहीं किया जा रहा था, आवेदन में खामिया बताकर आरोपी सहायक उप अभियंता के द्वारा 40 हजार रु की शुरुवाती मांग की गई थी, इसके बाद उप अभियंता ने रिश्वत की राशि घटाकर 27 हजार तय की गई , जिसे लेने के लिए आरोपी उप अभियंता सचिन भगत को ने पीड़ित को रिश्वत की रमक के साथ अम्बिकापुर के कार्यालय कार्यपालन यंत्री संभाग अम्बिकापुर में बुलाया था,जहा पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने 27 हजार रु रिश्वत लेते हुए आरोपी उप अभियंता को रंगे हाथ गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# सतनामी संतों का होगा सम्मान गोठ बात का विमोचन

**रायपुर/ प्रयागराज कुंभ में पहली बार देश भर से सतनामी समाज के एक सौ संत शामिल हुए। छत्तीसगढ़ से कुंभ मेला में सतनाम का सन्देश देने ग्यारह संत पहुंचे।छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें विशेष रूप से कुंभ मेला में आमंत्रित किया।**




प्रयागराज में हो रहे महाकुम्भ में सर्वजन हिताय हो जिसमें राज्य सरकारों ने भी अपनी अहम् भूमिका निभाई। महाकुंभ में

पहली बार सतनामी समाज के संतों को राजकीय अतिथि बनाकर कुंभ मेला में आमंत्रित किया गया।

कुंभ मेला में सतनाम समाज के संतों का साधु समाज से प्रयाग राज में परस्पर भेंट मुलाकात के बाद छत्तीसगढ़ के संत वापस लौटने के बाद अपना विचार व्यक्त करने के लिए सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के भागीरथ शांति दूत स्वाभिमान संस्थान के अध्यक्ष डॉ. उदयभान सिंह चौहान,सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजीव कर्मकार अखिल भारतीय समाजिक समरसता के प्रमुख श्याम भाई के अनुयायियों द्वारा संतों के सम्मान किया जाएगा। संत कुंभ के अपने अनुभवों को साझा करेंगे। कार्यक्रम में भाषाविद डॉ. पी. आर. कोसरिया की छत्तीसगढ़ी पुस्तक गोठ बात का विमोचन के साथ विचार विमर्श भी किया जाएगा। कार्यक्रम 5 फरवरी 2025 वृंदावन हॉल, सिविल लाइन में दोपहर 2.00 से आयोजित किया जाएगा। सर्व समाज महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रमुखों का सादर आमंत्रित किया गया है। महाकुंभ से वापस हुए सतनाम संतों के सम्मान में संस्था, समाज प्रमुख एवं विभिन्न वर्ग पंजीकरण कर इस महाकुंभ सम्मान इतिहास के साक्षी बनने के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया गया है।






# पशु बुद्धि का परित्याग कर, अपने मूल स्वरूप में स्थित हों- पं. मोहन नारायण शास्त्री

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** श्री मद भागवत अमृत वर्षा स्वर्ण महोत्सव के पावन अवसर पर प्रवचन करते हुए विद्वान संत पं. मोहननारायण शास्त्री जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मज्ञान और जीवन के गहरे रहस्यों से परिचित कराया। उन्होंने कहा, मनुष्य के अंदर जो पशु बुद्धि आ चुकी है, उसका परित्याग अनिवार्य है। शास्त्री जी ने श्रीमद्भागवत के गूढ़ उपदेशों के माध्यम से समझाया कि विवेक शून्य बुद्धि को ही पशु बुद्धि कहा जाता है, और यह मानव को भटकाव की ओर ले जाती है। उन्होंने राजा परीक्षित और श्री शुकदेव जी महाराज के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा, मुक्ति वही है जब व्यक्ति अपने स्वरूप का साक्षात्कार कर लेता है। न तो तुम देह हो, न मन, न बुद्धि; अपितु इन सब पर शासन करने वाले साक्षी स्वरूप हो। शास्त्री जी ने यह भी कहा कि भय ही व्यक्ति को पुनर्जन्म के चक्र में बाँधता है, इसलिए भय का त्याग कर मूल स्वरूप में स्थित होना ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है।

श्री शुकदेव जी महाराज के उपदेशों से राजा परीक्षित ने भी यही शिक्षा प्राप्त कर मुक्ति का लाभ पाया था। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा श्रवण के लिए उपस्थित रही। भक्ति, आत्मविवेक और अध्यात्म के रंगों से सराबोर इस महोत्सव में उपस्थित जनमानस ने ज्ञान की अमृत वर्षा का लाभ उठाया। इस अवसर पर

अंत में शास्त्री जी ने आह्वान किया- श्रीमद्भागवत कथा सुनने का परम फल यही है कि व्यक्ति अपने मूल स्वरूप को पहचान सके और जीवन के सच्चे उद्देश्य को प्राप्त कर सके।



कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और भक्ति भाव ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया, जिससे महोत्सव अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति का केंद्र बन गया। कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित थे जिसमें पंडित रामविलास शर्मा , विनोद शर्मा, दिनेश शास्त्री, अनिल सिंघानिया, गोविंद सिंघानिया प्रमोद सिंघानिया, विष्णु जोशी, शिवेंद्र, ढाल सिंह राजपूत , आदर्श जोशी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# राम मंदिर जीर्णोद्धार के प्रथम वर्षगांठ पर 'अग्र वंशावली और इतिहास गोष्ठी'का आयोजन

## *प्राचीन वंशावली 'वसुधैव कुटुंबकम' का विमोचन, कोष पीढ़ियों को इतिहास की मिलेगी जानकारी*

रायपुर। आयोध्या में भगवान श्री राम के दिव्य मंदिर जीर्णोद्धार की प्रथम पावन वर्षगाठ पर आज अग्रवाल समाज की अग्र वंश शोध परिषद् द्वारा वार्षिक कार्यक्रम अग्र वंशावली और इतिहास गोष्ठी का आयोजन किया गया,उक्त जानकारी देते हुए गोपाल कृष्ण भीमसरिया ने बताया कि वंशावली शोध परिषद के अध्यक्ष हर्षवर्धन गोयल,अरुण लाठ( कलकत्ता), भारत भूषण अग्रवाल(बीकानेर), डॉ विजय मित्तल (भुसावल),टीकमचंद कंदोई (शार्दुलपुर) , श्रीराम शंकर खेमका (कलकत्ता), डॉ लोकमणि बंसल (कोटा), रितेश भारूका (महाराष्ट्र) सहित सैकड़ों अग्र स्वयंसेवीयो ने अपने विचार रखे। श्रीमती लता लाठ द्वारा प्रस्तुत वंशावली पर रचित कविता सबको बहुत सुंदर लगी एवं सभी का मन मोह लिया। इस सभा में अरुण लाठ द्वारा सिंगल गोत्र लाठ परिवार पर लिखी पुस्तक का विमोचन हुआ,उक्त 450 पृष्ठों की विस्तृत पुस्तक में आकर्षक डिज़ाइन, गुणवत्ता, लाठ परिवार की पैतीस पीढ़ियों की क्रमवार वंशावली, वरिष्ठ लाठ सदस्यों की छायाचित्र, समाज में योगदान और उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। यह पुस्तक अग्रवाल समाज की धरोहर है और आने वाले अनेक वर्षों तक इतिहास की जिज्ञासुओं का ज्ञान वर्धन करती रहेगी, इसी अवसर पर अग्रवालों की वृहद् वंशावली सूचि,"वसुधैव कुटुंबकम" का विस्तृत कोष वार्षिक अंक 2024 विमोचित किया गया, यह प्राचीन वंशावली कोष पीढ़ियों को इतिहास की जानकारी देगा। लाठ वंशावली पुस्तक अपनी तरह का एक अनूठा सनातनी प्रयास है,इस पुस्तक के प्रकाशन से सनातन संस्कृति का संरक्षण और एक सार्थक प्रयास होगा,साथ ही अपनी समृद्ध संस्कृति को अपनी जड़ों को पुन: बल प्रदान करेगा।




MODERN ENGLISH SCHOOL BHATAPARA
(Run Under The Shri Sai Samiti)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
FOR CLASSES NURSERY TO VIII
"Enriching Minds, Changing Lives"
ज्ञानवर्धक उत्तम सुविधाएँ :-
पूर्ण हरियाली, फूल-पौधे युक्त स्वच्छ वातावरण।
सी.सी.टी.वी. कैमरों से युक्त विद्यालय परिसर।
शैक्षणिक, खेल एवं सहभागी गतिविधियों के पुरस्कार समारोहों का आयोजन
प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ।
नवीन साफ्टवेयर युक्त कम्प्युटर प्रयोगशाला।
सर्वसुविधा युक्त स्मार्ट क्लास।
विद्यार्थियों के लिए झूले, फिसलपट्टी व अन्य शैक्षणिक खेल सामग्री।
खेल-खेल में शैक्षणिक गतिविधियाँ।
शिक्षा में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएँ
TARENGA ROAD, NAKA NO. 1 BHATAPARA MOB: 9329129242,9827963700


भारत देश के सबसे बड़े पर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
जनाब सफी अहमद
वरिष्ठ कांग्रेस दिग्गज नेता जन जन के लोक प्रिय हर वर्ग के चहेते अंबिकापुर-सरगुजा


HAPPY NEW YEAR 2025
समस्त क्षेत्रवासियों को
नूतन वर्ष
एवं
26 JANUARY गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
आओ मिलकर पेड़ लगाए,
पर्यावरण को स्वच्छ बनाए...
समाज सेवी- डॉ अरुण छाबड़ा भाटापारा


भारत देश के सबसे बड़े पर्व
26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
हरिशंकर जयसवाल
वरिष्ठ चार्टर्ड एकाऊटेन्ट एवं समस्त स्टाफगण
एमजी रोड,अंबिकापुर सरगुजा


भारत देश के सबसे बड़े पर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
आदित्येश्वर शरण सिंह देव
छोटे युवराज सरगुजा युवा दिग्गज कांग्रेस नेता अंबिकापुर


भारत देश के सबसे बड़े पर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मनोज अग्रवाल
विधायक प्रतिनिधि पीजी कालेज अंबिकापुर -जय अम्बे मार्केटिंग खरसिया नाका अंबिकापुर


भारत देश के सबसे बड़े पर्व
26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
अशोक तिवारी जी
वनमंडलाधिकारी एवं समस्त स्टाफ गण वन मंडल बलरामपुर

# बस्तर की काली मिर्च को मिली मान्यता







**रायपुर/** नक्सली हिंसा से जूझते हुए छत्तीसगढ़ का बस्तर अपनी एक नई पहचान बनाने जा रहा है। अपनी दुर्लभ जड़ी-बूटियों को समेटे हुए बस्तर अब हर्बल और स्पाइस बास्केट बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। ऐसा बदलाव करने वालें किसान हैं डॉ. राजाराम त्रिपाठी। त्रिपाठी एक वैज्ञानिक भी है जिन्होंने काली मिर्च की एक किस्म को विकसित कर दिखाया।

कोंडागांव में रहने वाले डॉ. त्रिपाठी ने अपने आसन शोध अनुसंधान के बाद काली मिर्च की एक किस्म उन्नत की है। जो कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी औसत से चार गुना अधिक उत्पादन देती है।

नई विकसित काली मिर्च को मां दंतेश्वरी काली मिर्च-16 (एमडीबीपी-16) नाम दिया गया है। भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान (IISR), कोझिकोड, केरल ने इसे मान्यता प्रदान की है। भारत-सरकार के प्लांट वैरायटी रजिस्टार नई दिल्ली में भी इसे पंजीकृत किया गया है। यह इकलौती काली मिर्च की उन्नत किस्म है जिसे दक्षिणी राज्यों से इतर छत्तीसगढ़ के बस्तर में विकसित किया है जिसे भारत सरकार ने नई किस्म के रूप में पंजीकरण की मान्यता भी प्रदान किया है। बस्तर तथा छत्तीसगढ़ के लिए एक बहुत बड़ी तथा गौरवशाली उपलब्धि है।

बस्तर में काली-मिर्च को विकसित करने वाले डां त्रिपाठी बताते हैं कि इसे विकसित करने में तीन दशक से अधिक समय लगा। काली मिर्च लता वर्ग की है, जिसे सागौन, बरगद, पीपल, आम, महुआ, और इमली जैसे पेड़ों पर चढ़ाया जा सकता है। इन पेड़ों पर उगाई गई काली मिर्च न केवल चार गुना अधिक उत्पादन देती है, बल्कि गुणवत्ता में भी देश की अन्य प्रजातियों से कहीं बेहतर है। इसलिए बाजार में भी इसे हाथों हाथ लिया जा रहा है और अन्य प्रजाति की काली मिर्च की तुलना में इसके दाम भी ज्यादा मिलते हैं।




डॉ. त्रिपाठी आगे कहते हैं कि इस किस्म का सबसे बेहतर परिणाम ऑस्ट्रेलियन टीक (सागौन) पर चढ़ाकर मिले हैं। और सबसे खास बात यह है कि यह प्रजाति कम सिंचाई और सूखे क्षेत्रों में भी बिना विशेष देखभाल के पनप सकती है।

बस्तर मसालों की दुनिया में नई पहचान दिलाने वाले डॉ. त्रिपाठी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, भारत अपने मसालों के लिए सदियों तक सोने की चिड़िया कहलाता था। अगर सरकार और स्थानीय लोग मिलकर मसालों और जड़ी-बूटियों पर ध्यान दें, तो भारत फिर से वह गौरव हासिल कर सकता है। अपनी उपलब्धि से उत्साहित डॉ. त्रिपाठी जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर इस विषय पर मार्गदर्शन चाहते हैं। उनका सपना है कि छत्तीसगढ़ और बस्तर की इस नई पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिले।

## दीपक बैज ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली उन्होने विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की। उन्होने कहा कि सत्तापक्ष ने एक साल से शहर के विकास को रोककर रखा है सत्तापक्ष के राज मे महंगाई चरम पर है उन्होंने कहा कि माताओं व बहनों को मिल रही महत्तारी वंदन योजना मे चुनाव के बाद बहुत से लोगों को इस लाभ देना सत्तापक्ष बंद कर देगा यह हमारा दावा है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सत्ता पक्ष के शासन मे अनेक अनियमितताएं खुलकर सामने आई है राजनांदगांव पुलिस भर्ती फॉरेस्ट विभाग भर्ती घोटाला धान खरीदी 31 सौ से 23 सौ रुपये उन्होंने कहा कि ये सरकार कहा से चल रहा है इसका भी कोई पता नहीं है उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे कांग्रेस का विधायक जीताने के बाद नगपा मे कांग्रेस के अध्यक्ष को जिताये जिससे शहर का विकास मिलकर किया जा सके विधायक इन्द्र साव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज नगर पालिका चुनाव के महत्व के अहमियत देते हुये पार्टी प्रत्याशियों के जनसमर्थन हेतु आये है उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष के प्रभाव को नजर अंदाज करते हुये पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष मे मिलजुलकर कार्य करना है। इस दौरान अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल व सभी 31 वार्डो के कांग्रेस प्रत्याशी मौजूद थे।

## नवागांव स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**भाटापारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में बसंत पंचमी का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर ज्ञान दायिनी से ज्ञानार्जन के लिये प्रार्थना किये। इस अवसर पर दिनेश वर्मा, प्रेम कुमारी मनहर एवं संकुल समन्वयक देव कुमार निषाद, उषा इनकने, हिम्मतलाल वर्मा एवं रीना ध्रुव सहित छात्र-छात्राये उपस्थित थे।

## दसवें दीक्षांत समारोह में स्थानीय छात्रा को मिला सिल्वर मैडल



**भाटापारा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित 10 वें दीक्षांत समारोह में दाऊ कल्याण सिंग कृषि महाविद्यालय भाटापारा की मेधावी छात्रा तनु कौशिक को वर्ष 2023-24 में सस्य विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिये सिल्वर मेडल प्राप्त की। इससे महाविद्यालय मे खुशी की लहर व्याप्त है उन्होने स्नातकोत्तर मे 87.90: प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। माननीय राज्यपाल रमेन डेका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा है कि कृषि एक शानदार व्यवसाय है और इससे जुड़कर कृषि स्नातक देश के विकास में अपना योगदान दे सकते है। इस दौरान विद्या परिषद के सदस्यगण, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, विश्वविद्यालय के अधिकारी, उपाधि तथा पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा उनके पालकगण उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में कार्यकर्ता जायेंगे

**भाटापारा।** बौद्ध महासभा के समाजसेवी प्रमोद ऋषि ने आगामी 6 फ रवरी दिन गुरूवार को प्रज्ञा गिरी परिसर डोंगरगढ मे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन मे अधिकाधिक संख्या मे भाग लेने की अपील की है। उन्होने बताया कि उक्त स्थल पर 32 वां वार्षिक समारोह आयोजित किया गया है। जिसके तहत बौद्ध विहार मे प्रातरू गौतम बुद्ध की बाल्य काल की मूर्ति का अनावरण होगा साथ हीं कार्यक्रम मे बाईक रैली व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमे भाटापारा इकाई के अनेक लोग भी सैकड़ो की संख्या मे शामिल होंगे।

# पृथ्वी पर सनातन धर्म संस्कृति का महाकुंभ प्रयागराज

अमृत' जब धरती पर छलक पड़ा थाञ्!
एक पौराणिक घटना 'समुद्र मंथन'..!
'कुंभ' से अमृत का छलकनाञ्!
'मेला' से मानवों का समागमञ्!

सनातन धर्म, सभ्यता, संस्कृति का कुंभ मेला सदियों से आयोजित होते आ रहा है।

**प्रयागराज कुंभ।** पृथ्वी का विशालतम मानव समागम का कुंभ मेला, जहां स्नान, दान और दर्शन से मानव को जीवन के अनंत चक्र से मुक्ति मिल जाती है। हर बारह बरस में मानव मोक्ष के द्वार ज्योतिष शास्त्र के अनुसार खुलते हैं। 2025 में बृहस्पति मेष राशि में और सूर्य, चन्द्र मकर राशि पर अमावस्या तिथि पर आएंगे तब प्रयागराज में कुंभ का योग बनेगा। प्रयागराज के गंगा यमुना और सरस्वती नदियों के संगम तट पर कुंभ मेला आयोजित होगा।




## कुंभ में स्नान,दान-

कुंभ एक तरह से कोई संगठित आयोजन नहीं बल्कि एक आंतरिक, प्राचीन और निरंतर घटना है। एक रहस्यमय आयोजन जिसमें लाखों लोग शांति पूर्ण रूप से शामिल होते हैं। भारतीय उप-महाद्वीप का धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और आर्थिक महत्व का विशालतम आयोजन है। धार्मिक तीर्थ करते हुए स्नान और दान जीवन और मृत्यु के साथ मोक्ष को साकार करता है। वहीं कुंभ मेला 'पवित्र' नदी के तट पर आयोजित किये जाते हैं जो विशेष मुहूर्त में स्नान के अनुष्ठानों से गहराई से जुड़े हैं। कुंभ मेला पूर्व निर्धारित,अद्वितीय और शुभ खगोलीय घटना के दौरान होते हैं, जिसमें विभिन्न नक्षत्रों में सूर्य, चंद्रमा या बृह- स्पति शामिल होते हैं। इनके प्रभाव को समझने के लिए, हमें मूल तत्वों के रूप में समझना शुरू करना होगा। पंच महाभूतों में से जल मानव जाति के लिए लगभग उतने ही समय से गहरा, सहज महत्व रखता है, जितने समय से मानवता का अस्तित्व रहा है। जल, आत्मा का तत्व और जीवन देने वाला ग्रह और शरीर दोनों का सबसे बड़ा घटक है।वैदिक काल से ही भारत में जल के महत्व को शाब्दिक रूप से दर्ज किया गया है। ऋग्वेद में इसकी स्तुति करते हुए कहा गया है,

या आपो दिव्या वा स्त्रवंति खनित्रिमा उत वा याः स्वयंजाः ।

समुद्रार्थ याः शुचयः पावकास्ता आपो देवीरिह मामवन्तु।

बादल और बूँद, नहरें और नदियाँ और समुद्र, सभी एक ही के विस्तार हैं। यह दिव्य गुणों वाला जल हमारी रक्षा करे।

भारत के चार स्थानों पर अमरता के अमृत कथा को देखें जहां कुंभ मेला मनाया जाता है। पवित्र गंगा या संगम में स्नान के लाभकारी गुणों में विश्वास और कुंभ के शक्तिशाली आकर्षण को आत्मसात करने हर कोई लालायित हो उठता है।

## अमृत के लिए संघर्ष-

पौराणिक आख्यान के अनुसार महर्षि दुर्वासा के श्राप से देवराज इंद्र और देवता श्रीहीन हो गए। तब समुद्र मंथन के लिए देव दानव एक साथ जुट गये। मंथन से निकले अमृत कलश को दैत्यों से बचने के लिए देवराज इंद्र के पुत्र जयंत उसे लेकर भागे। बृहस्पति, चंद्रमा और सूर्य ने उसकी सहायता की। अमृत कलश को लेकर भागते हुए जयंत ने हरिद्वार, प्रयाग, नासिक और उज्जैन में कलश को रखा जहां



कलश से अमृत की बूंदें छलक पड़ी। अमृत कलश के लिए बारह दिनों तक देव-दानवों के बीच संघर्ष चलते रहा और यही अवधि कुंभ मेला के लिए ज्योतिष शास्त्र के अनुसार निर्धारित हुई।

## तीर्थराज प्रयाग

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार महाकुंभ मेला बारह साल में मनाया जाता है। बारह वर्षों के दौरान चार बार कर तीर्थ पर कुंभ आयोजित होता है। पहला उत्तराखंड की गंगा नदी पर दू हरिद्वार में दूसरा मध्यप्रदेश की शिप्रा नदी पर उज्जैन में तीसरा महाराष्ट्र की गोदावरी नदी पर नासिक में और चौथा उत्तर प्रदेश की गंगा यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर प्रयागराज में कुंभ मेला 2025 में आयोजित हो रहा है।

तीर्थराज प्रयाग पवित्र स्थलों में सबसे ऊपर माना जाता है। पवित्रता का प्रतीक कही गई गंगा नदी जिसे पुण्यदायिनी कहा जाता है। पुण्य और धार्मिकता की दाता गंगा भक्ति की प्रतीकात्मक यमुना नदी से मिलती है जिससे अदृश्य स्वरूप वाली ज्ञान की प्रतीक सरस्वती मिलती है तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी के कुंभ को शक्तिशाली कहा गया है।

## महाकुंभ का योग-

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों का शुभ फल मानव जीवन पर पड़ता है। बृहस्पति जब विभिन्न ग्रहों के अशुभ फलों को नष्ट कर पृथ्वी पर शुभ प्रभाव का विस्तार करते हैं तब शुभ स्थानों में अमृत पद कुंभ योग अनुष्ठित होता है और इस शुभ घड़ी में कुंभ मेला का आयोजित किया जाता है प्रयागराज में कुंभ मेला बृहस्पति मेष राशि में और सूर्य चंद्र मकर राशि में माघ मास की अमावस्या तिथि पर आते हैं यही कुंभ का योग बनता है। वृहस्पति हर बारह बरस में सूर्य का एक चक्कर पूरा करता है।



## सातवीं सदी में चीनी यात्री सुयेनच्यांग

सातवीं सदी में भारत आये चीनी यात्री सुयेनच्यांग ने प्रयागराज के कुंभ मेला का आँखों देखा हाल का वर्णन करते हुए कहा है, गंगा-यमुना के संगम तट पर बहुत दूर तक जो अनुमानतः दस 'ली' से ऊपर होगा, रेत पड़ी हुई थी। यह रेत स्वच्छ बालू की है और सर्वत्र समतल है। इसे यहाँ के लोग महादान क्षेत्र कहते हैं। प्राचीनकाल से बड़े बड़े राजे महाराजे, सेठ-साहूकार यहाँ पर दान करते चले आये हैं। उस समय भी राजा श्रीहर्ष शिलादित्य प्रति पाँचवें वर्ष यहाँ आता था और बड़ा दान-पुण्य करता था। उस समय यहाँ बड़ा मेला लगता था और भारतवर्ष के सब बड़े-बड़े राजा और गणमान्य मेले में आते थे। भारतवर्ष भर के साधु-महात्मा, श्रमण- ब्राह्मण आदि इकट्ठे हो जाते थे। राजा पहले पूजा करता था फिर यथाक्रम पहले यहाँ के श्रमणों का फिर आये हुए श्रमणों और भिक्षुओं को, फिर विद्वानों और पंडितों को, फिर यहाँ के ब्राह्मणों और पंडों को और अंत में विधवाओं, अनाथों, लंगड़े लूले, निर्धन और भिगमंगों को भोजन, वस्त्र, धन, रत्न प्रदान करता था। इस प्रकार वह नित्य दान-पुण्य करके अपने कोष के रूपये खर्च कर देता था और जब कुछ भी नहीं रह जाता था तो अपना मुकुट-वस्त्राभूषण और वाहनादि सब कुछ लुटा देता था। जब उसके पास एक कौड़ी भी नहीं रह जाती थी तब वह बड़े आनंद से कहता था कि आज मैने अपने सारे कोष और धन को अक्षय कोश में रख दिया, वहाँ यह घटने का नहीं है। फिर अन्य देश के राजा लोग भी दान करते थे। (सुयेनच्यांग की डायरी से)

दान क्षेत्र के आगे पूर्व दिशा में गंगा यमुना के संगम पर सहस्त्रों की भीड़ लगी रहती है। कितने तो स्नान करके चले जाते हैं कितने यहाँ कल्पवास करते हैं और मृत्यु की कामना लिए यहाँ आकर रहते हैं। उस देश में लोगों का विश्वास है कि यहाँ आकर एक समय भोजन कर स्नान करते हुए जो कल्पवास करता प्राण त्यागता है वह मरने पर स्वर्ग को प्राप्त होता है। यहाँ स्नान करने से जन्म जन्म के पापक्षय हो जाते हैं। दूर दूर से लोग यहाँ स्नान करने आते हैं।

कुंभ मेला सनातन परंपरा की सर्वोच्च तीर्थ यात्रा करते लोग नदियों में स्नान कर ज्ञान की पिपासा लिए संत समागम करते हैं। मोक्ष की आस लिए सर्वस्व दान करते हैं, जहां चहुंओर मंत्रोच्चार अनहद नाद ध्वनित होते हुए महसूस होता है। ऐसे सुंदरतम दृश्य को निहारने, धर्म ध्वजा की पताका लिए हुए अपार जनसमूह आ जुटता है कुंभ के मेला में!

**- रविन्द्र गिन्नौरे**

# भाजपा अध्यक्ष पद प्रत्याशी अश्वनी शर्मा को हर पीढ़ी हर वर्ग का मिल रहा स्नेह साथ और समर्थन

**भाटापारा : क्षेत्र की जनता से मिल रहा अपार जनसमर्थन, नगर के कोने कोने का होगा विकास बोले अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा**

ब्यूरोचीफ संतोष साहू






**भाटापारा** –भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा,, वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के साथ जनसंपर्क पे निकले शहर में घूमकर उन्होने बड़े,बुजुर्ग, माता, बहनों का आर्शीवाद लिया एवं युवाओं से सहयोग और समर्थन मांगा। अश्वनी शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा की केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी जी की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी माता बहनों, किसानों को योजना का लाभ मिला है। वही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक साल के कार्यकाल में जनता को महतारी वंदन का लाभ, तीर्थ योजना के अनुसार श्री राम लला के दर्शन का सौभाग्य, किसानों को 3100 रुपए समर्थन मूल्य में धान खरीदी एवं युवाओं को रोजगार का अवसर मिला है । साथ ही भाटापारा नगर में जितने भी बड़े विकास के कार्य हुए है सभी उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा करवाये गए है –सिविल हॉस्पिटल का दर्जा, गौरव पथ, ला कालेज, पालिटेक्नीक कालेज, आई टी आई कालेज, क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज जैसे अनेको विकास के कार्य हुए है.. अश्वनी शर्मा ने कहा की आज देश में डबल इंजन की सरकार है आपसे मिल रहे अपार जनसमर्थन से मुझे पुरा विश्वास है की है की इस बार भाटापारा नगर में अध्यक्ष पद सहित पार्षद पदों में कमल का ही फूल खिलेगा। अश्वनी शर्मा ने परशुराम वार्ड, गाँधी मंदिर वार्ड, दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड और नयागंज वार्ड में जनसम्पर्क किया... उक्त अवसर पर मोहन बांधे, लुकू साव, नभ नारायण साहू, गोपाल देवांगन,अनुभव गुप्ता, महेन्द्र ठाकुर, विनय ठाकुर, राजू पटेल,अभिषेक मोदी, मन्नू बंठिया,अजित निषाद, रविन्द्र ठाकुर, आयशा खान,सूरज भोई, प्रदीप बंजारे, नरेंद्र वैष्णव, सत्यजीत सेन, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे..

# अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 31 से

**भाटापारा।** अखंड नवधा रामायण समिति हथनीपारा महावीर वार्ड द्वारा 9 दिवसीय अखंड रामायण का आयोजन 31 जनवरी से 9 फरवरी तक नवधा रामायण मंडप हथनीपारा में किया गया है। इस आयोजन के अंतर्गत राम जानकी विवाह 2 फरवरी रविवार को संध्या 4 बजे एवं बसंत पंचमी उत्सव 3 फरवरी को संध्या 4 बजे मनाया जायेगा। 8 फरवरी को भगवान राम का राजतिलक तथा रविवार को पूर्ण आहुति एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुये अखंड नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष सुकृत साहू अधिवक्ता ने अंचल के समस्त रामायण मंडलियों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि है कि इस 9 दिवसीय अखंड नवधा रामायण समारोह में भाग लेकर पुण्य का भागीदार बने।



# विशाल कलशयात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** विशाल कलशयात्रा के साथ नगर में आयोजित माँ दुर्गा देवी शत् चण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवीभागवत् कथा का शुभारंभ हुआ। शिव सरोवर से कलश में जल लेकर निकली 501 माताओं – बहनों का काफिला आकर्षक था। पीत वस्त्र से सुसज्जित मातायें बहनें तथा श्रद्धालु कलशयात्रा की शोभा को द्विगुणित कर रहे थे। धुमाल बाजा में भजनों की धुन नागरिकों को आकर्षित कर रहा था। कलशयात्रा गौरवपथ, भारतमाता चौक होते हुये यज्ञनगर पहुँची। कलशयात्रा में पं. ओमप्रकाश जोशी, पं. मोहन नारायण शास्त्री, रामबिलास शर्मा, बसंत अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, चेतन सिन्हा, राहुल छाबड़ा, सुरेश सिंघानिया, विजय शर्मा, पुन्नी यादव, कुश कश्यप, लोकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आई आर यादव स्कूल में उल्लासमय वातावरण में गणतंत्र पर्व मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दिनेश शर्मा ने झण्डोत्तोलन किया इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा सदस्य गण पीयुष साहू एवं सुरेन्द्र डागोर उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ महतारी एवं विद्यालय के भूतपूर्व छात्र शहीद झाडू राम वर्मा के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित पश्चात शर्मा ने झण्डोत्तोलन किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत छात्र परिषद के पदाधिकारियों द्वारा किया गया एवं एन सी सी कैडेट्स द्वारा झंडे को सलामी दी गई। इस वर्ष कैडेट लीलाधर को बेस्ट एन सी सी कैडेट का पुरस्कार प्राचार्य एवं अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के इस कार्यक्रम में के के यादव,डी पी साहू,पी आर शर्मा, पी आर मांझी, एन पी साहू, पी सी साव, आर के चैबे, कैलाश साहू, दीपक मिश्रा, उभय साहू, अभिषेक वर्मा, अजय प्रकाश बंजारे, अर्चना वर्मा, राज वर्मा, संतोषी कंवर, कामना ध्रुव, मीनू कुशवाहा, जेनिफा लकडा, दीपिका साहू, कुसुम लता वर्मा, अंजली वर्मा, सरिता सोनी, अशोक बंजारे, सरिता शर्मा, रेणु वर्मा, चित्ररेखा बंजारे, मनीषा सेन, प्रीति बाला ठाकुर, शीतल यादव, रामेश्वर महिलांगे व सालिकराम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा का कमल खिलाकर नगर को विकसित बनाने का समय आ गया है - अरुण साव

## नगर जनादेश मिलने पर भाटापारा के विकास की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की रहेगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रामलीला मैदान मे रखा गया जिसमे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित हुये कार्यक्रम के उदबोधन भाषण में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत मकानों का निर्माण तेजी से पूरा किया जायेगा..



### भाटापारा आने पर मन मे दर्द है..अरुण साव

अरुण साव ने कहा कि भाटापारा आने पर मेरे मन मे दर्द है कि आपके क्षेत्र से भाजपा के विधायक के रुप मे शिवरतन शर्मा नही बैठे है और यह दर्द हर कार्यकर्ताओं को भी होगा कि हम विधायक नही बना पाये,, उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है .. आप सभी इस बार भाटापारा नगपा मे भाजपा के 32 कमल खिलाने की अपील करता हूँ, पिछले 5 सालों मे भाटापारा विकास मे पिछड़ा है परंतु अब भाटापारा कि तकदीर व तस्वीर बदलने का समय आ गया है.

अरुण साव ने कहा की पुरे प्रदेश में जनता जनार्दन एवं आप सभी कार्यकर्ताओ का यह उत्साह बता रहा है कि भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों का विजय सुनिश्चित है,क्योंकि जनता भाजपा सरकार के महतारी वंदन से खुश है।

अरुण साव ने आगे कहा की भाटापारा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के हमारे भाजपा के दमदार प्रत्याशी अश्वनी शर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों को देवतुल्य जनता का भरपूर समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है, निश्चित ही हमारी जीत प्रचंड मतो से होंगी,,डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, अश्वनी शर्मा सरल, सहज और जमीनी व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी हैं, उनके नेतृत्व में भाटापारा शहर सुशासन एवं विकास के पथ पर अग्रसर होगा। जनता उनकी विकास परख सोच और संकल्प पर विश्वास जरूर जताएगी।



### शिवरतन शर्मा के कहने पर ही सिमगा नगर पंचायत से पालिका बना...अरुण साव

उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि नगर विकास के लिये 15 करोड़ कि राशि दी गई है उन्होंने कहा कि शिवरतन शर्मा के ही कहने से मैने सिमगा को नगर पंचायत से नगर पालिका बनाया पिछले सरकार ने शराबबंदी कि बात कहकर वादाखिलाफी किया व अनेक घोटाले हुये वही हमने नगपा मे जनता को अध्यक्ष चुनने का अधिकार दिया वही 32 कमल खिलाने पर मेरा अगला भाटापारा आगमन स्वागत अभिन्दन करने हेतु होगा साथ ही आपके जनादेश मिलने पर भाटापारा के विकास कि जिम्मेदारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर रहेगा.



हमने शिवरतन शर्मा के ही कहने पर 8 दिनों के अंदर नगर पंचायत से नगरपालिका सिमगा बना कर दिया.

### नपा मे भाजपा सत्ता में आई तो नगर विकास के अनेक अवसर ...शिवरतन शर्मा

कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा नगपा के सत्ता मे काबिज होता है तो नगर विकास के अनेक अवसर खुलेंगे सबसे पहले स्वच्छ सुन्दर व्यवस्थित शहर का निर्माण करना नगर के ऐतिहासिक तालाबों का सौन्दर्यीकरण व अनेक दुरगामी विकास कि योजनाएं है उन्होंने कहा कि अपने विधायकी कार्यकाल मे अनेक मूलभूत कार्य हुये जिसमे से प्रमुख अन्डर ब्रीज निर्माण स्नाकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा एग्रीकल्चर कालेज विधि महाविद्यालय अनेक मूलभूत सुविधाएं जो नगर को प्राप्त हुआ है, यह भाजपा का ही देन है महत्तारी वंदन योजना भाजपा की ही देन है.. जिसका विरोध विपक्षी कर रहे थे उन्होंने कहा कि नगपा का पिछले 5 सालों मे जो दुर्दशा हुआ है उसका जिम्मेदार विपक्षी किंग मैकर ही रहे है

### शिवरतन शर्मा क्षेत्र के विकास के लिये सदैव प्रयत्नशील...जिला भाजपा अध्यक्ष

जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि क्षेत्र व नगर विकास के लिये शिवरतन शर्मा सदैव प्रयत्न व संघर्ष शील रहे है जिसका लाभ क्षेत्र कि जनता को मिल रहा है और इसी कारण उन्हें विकास पुरुष के नाम जाना जाता है विपक्ष हमेशा वर्चस्व कि लडाई लडता रहा पर क्षेत्र कि विकास को लेकर कोई चिंतन मनन नहीं किया गया. विकास के सभी कार्यों के लिए अगर श्रेय जाता है तो शिवरतन शर्मा को ही जाता है..

### चुनाव प्रभारी देवजी भाई पटेल

नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी देवजी भाई पटेल ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कहा कि भ्रष्टाचारी सरकार को हटाकर भाजपा राज्य कि सत्ता मे काबिज हुआ उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष का नेतृत्व नगर पालिका होता है तो शहर का विकास तीव्र गति से होगा विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी वही शिवरतन शर्मा ने नगर विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगे भी शहर का ऐतिहासिक विकास कराने अवसर है

### भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा

भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाटापारा मे ट्रीपल इंजन कि सरकार बैठाने का एक सुनहरा अवसर है पिछले 5 सालों से शहर कि जो दुर्दशा रही है उसे विकास के पटरी मे लाने अवसर है वही उन्होंने कहा कि नगर कि जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत से नगपा के सत्ता मे काबिज होने का जनादेश देकर कांग्रेसियों के शहर कि दुर्दशा के करणी का करारा जवाब देगा.. हम सभी को आश्वास्थ करते है की हम नगर को एक सुंदर स्वच्छ, विकसित नगर बना कर देंगे.. उक्त कार्यक्रम कोमोहन बांधे, सुनील यदु,,ओमप्रकाश रात्रे ने भी सम्बोधित किया..कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे..



# छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में 100 अत्याधुनिक नंद घर स्थापित करेगा वेदांता

**साझेदारी के तहत सक्ती जिले की 100 ब्राउनफील्ड आँगनवाड़ियों को आधुनिक नंद घरों में तब्दील किया जाएगा वेदांता समूह ने भारत के 15 राज्यों में 7,000 नंद घर स्थापित कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दी है, जहाँ शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में उन्नत सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं**

**नई दिल्ली सिंघीतराई ।** सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, वेदांता ग्रुप अपनी प्रमुख महिला और बाल विकास पहल प्रोजेक्ट नंद घर के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जिले में 100 नंद घर स्थापित करेगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वेदांता की सामाजिक प्रभाव शाखा अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ) और सक्ती जिले के महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग के बीच साझेदारी के तहत चलाई जा रही है, जिसके लिए हाल ही में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

यह पहल वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट (वीएलसीटीपीपी) द्वारा समर्थित है। सिंघीतराई में वीएलसीटीपीपी का निर्माणाधीन थर्मल पॉवर प्लांट है, जिसकी कुल क्षमता 1,200 मेगावाट है। सक्ती के महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने 100 ब्राउनफील्ड आँगनवाड़ियों की सूची तैयार की है, जिन्हें आधुनिक नंद घरों में बदलने का काम किया जाएगा। प्रोजेक्ट नंद घर वेदांता ग्रुप की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो पारंपरिक आँगनवाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाओं में बदलकर समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

सक्ती जिले के महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सुधाकर बोदले ने समुदाय के विकास के प्रति वेदांता ग्रुप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा, हमारे जिले की आँगनवाड़ियों को नंद घरों में बदलने के उद्देश्य से अनिल अग्रवाल फाउंडेशन और वीएलसीटीपीपी के बीच हुई महत्वपूर्ण साझेदारी वास्तव में सराहनीय है। ये आधुनिक केंद्र एक बेहतर इकोसिस्टम से लैस होंगे, जिससे हमारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा और महिलाएँ सशक्त बनेंगी। मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी नए अवसर उत्पन्न करेगी और सक्ती जिले के जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

श्री शशि अरोड़ा, नंद घर के सीईओ ने कहा, मैं छत्तीसगढ़ सरकार और सक्ती जिले के महिला और बाल विकास विभाग का आभारी हूँ, जिन्होंने हमें 100 मौजूदा आँगनवाड़ियों को तकनीकी दृष्टि से उन्नत नंद घर केंद्रों में बदलने की जिम्मेदारी दी है, ताकि बच्चों और महिलाओं का समग्र विकास हो सके। 15 राज्यों में पहले से 7,000 से अधिक नंद घर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, और यह हमारा सौभाग्य है कि हम 5 लाख से भी अधिक बच्चों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे रहे है।

हम इस यात्रा को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि बच्चों की देखभाल के क्षेत्र में क्राँति लाई जा सके। हमारा मुख्य ध्यान कुपोषण से लड़ने, प्री-प्राइमरी शिक्षा को बेहतर बनाने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर है। हम राज्य और केंद्र सरकारों के साथ मिलकर समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं।

श्री देवेंद्र कुमार पटेल, वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट के मुख्य प्रचालन अधिकारी ने परियोजना की शुरुआत पर बोलते हुए कहा, वेदांता समूह के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम बड़े पैमाने पर महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं, ताकि सामुदायिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके और जरूरतमंदों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। नंद घर पहल सक्ती जिले के बच्चों और महिलाओं के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है, जो परिवर्तनकारी अवसर प्रदान करती है और सतत विकास को प्रोत्साहित करती है। अपने केंद्रित दृष्टिकोण और अटूट समर्पण के साथ, यह परियोजना छत्तीसगढ़ के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने और एक उज्जवल तथा अधिक समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# 'सशक्त एप' से चोरी हुए वाहनों की बरामदगी में मिल रही जबरदस्त सफलता

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**भिलाई।** 05 दिसंबर 2024 को स्मार्ट पुलिसिंग के तहत सशक्त एप लॉन्च किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री राम गोपाल गर्ग ने वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित किया, जिससे चोरी हुए वाहनों की पहचान और बरामदगी अत्यंत सरल हो गई है।

पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री चिराग जैन एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर श्री सत्यप्रकाश तिवारी एवं नोडल अधिकारी सशक्त एप उप निरीक्षक डॉ. संकल्प राय के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई जारी है।

आकाश गंगा सुपेला में पैट्रोलिंग के दौरान संदिग्ध रूप से खड़ी हीरो होंडा पैशन प्लस का इंजन व चेसिस नंबर सशक्त एप में चेक किया गया, जो सुपेला थाना क्षेत्र से चोरी होना पाई गई और तत्काल बरामद कर ली गई। जिसमे आरक्षक सूर्या प्रताप सिंह एवं दुर्गेश सिंह को महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पदमनाभपुर धनौरा के पास खड़ी बाइक साइन का इंजन व चेसिस नंबर चेक करने पर पता चला कि यह उतई थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। इसे भी






**स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में बड़ा कदम, महज एक क्लिक में मिल रही चोरी हुए वाहनों की पूरी जानकारी।**

**'सशक्त एप' की मदद से दो दिवस में 4 चोरी के वाहन किए गए बरामद।**

**एप लॉन्च होने के बाद अब तक कुल 14 चोरी के वाहन बरामद, अपराधियों पर लगाम कसने में हो रहा बेहद कारगर साबित।**

तुरंत बरामद कर लिया गया। जिसमे आरक्षक ऋतुराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अब तक 14 चोरी हुए वाहन बरामद। 880 से अधिक पुलिसकर्मी इस एप का कर रहे उपयोग। हर दिन चल रहे तलाशी अभियान से वाहन चोरों पर शिकंजा। चोरी हुए वाहनों की पहचान अब सिर्फ एक क्लिक में संभव। सशक्त एप से पुलिसिंग कार्य में आई तेजी, अपराध नियंत्रण में मिल रही शानदार सफलता। 880 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी इस एप का कर रहे नियमित उपयोग। रोजाना चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन से वाहन चोरों की मुश्किलें बढ़ीं।

**सशक्त एप से मिली नई गति, दुर्ग पुलिस की स्मार्ट पुलिसिंग को मिला नया आयाम**

सशक्त एप के माध्यम से चोरी हुए वाहनों की त्वरित पहचान और बरामदगी से पुलिस कार्यवाही पहले से अधिक सटीक, तेज और प्रभावी हो गई है। इस टेक्नोलॉजी की मदद से दुर्ग पुलिस अपराधियों के खिलाफ मजबूत रणनीति बना रही है, जिससे आने वाले समय में वाहन चोरी पर पूरी तरह से लगाम लगाने में सफलता मिलेगी।

**'सशक्त एप' पुलिस की डिजिटल क्रांति का अगला कदम!**

प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज

# भाजपा महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का जनसंपर्क अभियान

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**भिलाई।** नगरीय निकाय चुनाव में अलग-अलग दलों के प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने सोमवार को जनसंपर्क अभियान की शुरुआत वार्ड 44 बाबा गुरु घासीदास वार्ड से की। वे सबसे पहले बाबा गुरु घासीदास के मंदिर पहुंची और पूजा-अर्चना की। इसके बाद पद्मनाभपुर पश्चिम वार्ड 45, 46 पद्मनाभपुर पूर्व, 37 शहीद आजाद वार्ड, 55 पुलगांव पहुंची।

इस दौरान लोगों से अलका ने कहा कि हमारी पार्टी सदैव मां भारती के वैभव को उच्च शिखर की ओर ले जाने के लिए अग्रसर रही है। हमेशा विकास उन्मुखी कार्य करने दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश में चारों ओर विकास के काम हो रहे हैं। यह सब संभव हो पाया है भाजपा के सुशासन में। दुर्ग शहर से कांग्रेस के कुशासन को हम मिलकर खत्म करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह राजपूत, बानी सोनी, गायत्री वर्मा, विद्या नामदेव, पार्षद प्रत्याशी संजय अग्रवाल, लीलाधर पाल, शिव नायक, डॉ. भूपेंद्र साहू उपस्थित रहे।

# धर्म मंच में गौ- सेवा आयोग अध्यक्ष के हाथों सम्मानित हुए साहित्यकार कोशा

## संस्कार धानी में सप्ताह भर तक बही दुर्लभ सत्संग की ज्ञान धारा

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के गांधी सभागार में आयोजित स्वामी विजयानंद गिरी के दुर्लभ सत्संग आयोजन के धार्मिक मंच में मुख्य अतिथि छ०ग० शासन गौ- सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेश्वर सिंह पटेल के हाथों वरिष्ठ कवि/साहित्यकार एवं पत्रकार आत्माराम कोशा अमात्य का भाव - भीना सम्मान किया गया।

बता दें कि शहर के गांधी सभागार में स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज के मुख से धर्म अध्यात्म व सांसारिक ज्ञान से भरी ज्ञान गंगा सप्ताह भर तक प्रवाहित होती रही। जिसे श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में सुधि श्रोता जन उपस्थित थे। उक्त आयोजन का धर्म अध्यात्म पूरित ज्ञानवर्धक वचनों का बेहतर रिपोर्टिंग कोशा जी ने की थी।

शहर में आयोजित उक्त दुर्लभ सत्संग के समापन अवसर पर

कबीरधाम क्षेत्र के ग्राम लोहरा निवासी गौ- सेवा आयोग अध्यक्ष श्री पटेल जी द्वारा कोशा जी का चंदन तिलकाभषेक कर तथा भगवान श्री कृष्ण का मनोहारी चित्र व प्रशस्ति भेंट कर सम्मान किया गया। बता दें कि गौ- सेवा आयोग के अध्यक्ष जी कवि/साहित्यकार के रूप में अच्छे से परिचित है। वे उनके महाकुंभ पर रचित छत्तीसगढी कविता व शिवनाथ नदी पर रचित अपने आराध्य भगवान श्री राम का चरण पखारने शिवनारायण पहुंची शिवनाथ आलेख से बहुत प्रभावित हुए। इसलिए श्री कोशा दुर्लभ सत्संग कार्यक्रम में सम्मान के लिए विशेष रूप से आमंत्रित थे।



### निस्पृह एवं वितरागी संत हैं विजयानंद गिरी जी

धर्म मंच में कोशा जी के सम्मान अवसर पर गौ- सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि ऋषिकेश से पधारे गीता प्रेस गोरखपुर के स्वामी रामसुखराम दास के शिष्य स्वामी विजयानंद गिरी जी बिल्कुल निस्पृह और वितरागी पुरुष हैं। वे किसी से एक पैसा दान? लेते है और न सत्संग के समय आरती पूजा में पैसा चढ़ावा चढ़ाने देंते है। यहां तक कि व्यास गद्दी में आसीन होने के बाद भी भक्तों से हार फूल? भी नहीं पहनते। उन्होंने कहा कि- जिसे न पद पैसे की चाह ,,, वहीं दिखाते सहीं राह ,,की सुक्ति वाक्य पर चलने वाले ऐसे वितरागी पुरुष न केवल दुर्लभ है व इनके सत्संग प्रवचन भी दुर्लभ है। ऐसे कोटि-कोटि प्रणाम संतो को सुनना आत्म विभोर हो जाना है। इस अवसर पर दुर्लभ सत्संग वाले स्वामी विजयानंद गिरी, गोवर्धन फाउंडेशन अयोध्या धाम के बृजमोहन उपाध्याय जी शिवाजी सिह, एस आर लोधी, विजय पांडे,इसल लोधी सुखचैन चंद्रवंशी, मुनीराम चंद्रवंशी, हिमांशु राजपूत,राम कुबेर जी, विहिप के ओमप्रकाश अग्निहोत्री, नंदू साहू,साहित्य कार कुबेर साहू ,गिरीश ठक्कर स्वर्गीय योग वेदांत सेवा के संजय साहू, आनन्द श्रीवास्तव आदि उसहित बड़ी संख्या में दुर्लभ सत्संग सुनने वाले धर्म प्रेमी जन उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी गोवर्धन फाउंडेशन के बृजमोहन उपाध्याय जी ने दी है।



# बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा में बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** बाल संस्कार शिशु मंदिर, बरगा में आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माता सरस्वती का विधिवत पूजन कर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर की गई। इसके पश्चात सामूहिक विद्या मंत्र का जाप कर मां शारदा से ज्ञान, बुद्धि और विवेक की प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी को श्वेत पुष्प, खीर, दूध और वस्त्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बसंत पंचमी को विद्या और कला की देवी माता सरस्वती के प्रकटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है, जो प्रकृति में उल्लास और नवजीवन का संदेश लाता है। चारों ओर खिलते फूलों और खुशियों की बहार ने वातावरण को और भी मनोरम बना दिया। विद्यालय परिवार के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ रेवाराम पाल ने इस अवसर पर बच्चों में ज्ञान और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आचार्य श्री राजेश निषाद,जलेश्वर निर्मलकर, हरेंद्र साहू,छत्रवती साहू, गायत्री साहू, प्रीति साहू, सीता लहरे, अनुराधा यादव, पूर्णिमा साहू, गीतेश्वरी साहू, तिलेश्वरी साहू, रोमा निषाद उपस्थित रहें।

# महिला के शव के गले से सोने की चेन चोरी

## बीएम शाह अस्पताल के स्टाफ पर शक, पुलिस ने दर्ज किया केस

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**भिलाई।** गले से सोने की चेन गायब स्टाफ ने कहा कि, जेवर निकालने के बाद शव को शवगृह में रखा जाएगा। परिवार वालों के सामने अस्पताल के स्टाफ ने उनके आभूषण निकाले और परिजनों को देकर एक सुपुर्दगी फार्म में साइन करने की बात कही। इस दौरान परिजनों ने देखा कि इंदू सिंह ने सोने की चेन पहने थी, वो उनके गले से गायब है।

इस पर परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ से सोने की चेन के बारे में पूछा, तो उन्होंने कोई जानकारी ना होने की बात कही। स्टाफ ने वार्ड में चेन खोजने का बहाना भी किया। लेकिन पूरा दिन निकल जाने के बाद भी चेन नहीं मिली, तो परिजनों ने सुपेला थाने में इसकी शिकायत की।

### एक लाख से अधिक है चेन की कीमत

शुभम सिंह ने बताया कि, उसने आभूषण को सौंपने संबंधी फार्म पर हस्ताक्षर करते समय भी चेन गायब होने की बात लिखी थी। पीड़ित परिवार ने स्टाफ से चेन लौटाने की मिन्नतें की, लेकिन उन्हें चेन नहीं मिली। चोरी हुई चेन की कीमत एक लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है।

























प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in